खुला पड़ा हुआ था। अंदर कमरों में रखी अलमारियों के ताले टूटे थे और सामान अस्तव्यस्त पड़ा था। अलमारी में रखे 10,500 रुपये नकद, दो सोने के हार, दो चेन, नौ अंगूठियां, चार सोने की चूड़ियां, कान के झाले और चांदी के गहने समेत करीब बीस लाख रुपये का सामान गायब था। उन्होंने गोविंदनगर पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल के घर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा। वहीं रिजर्व पुलिस लाइन में जीडी कार्यालय में तैनात सिपाही विपिन सिंह चौहान ट्रैफिक पुलिस लाइन की कॉलोनी में परिवार के साथ रहता है। विपिन ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसका परिवार इटावा स्थित गांव गया था। वह यहां पर अकेले रह रहा था। सिपाही ने बताया कि 23 मई की सुबह वह घर में ताला बंद करके ड्यूटी चला गया था।

दोपहर को चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी व लॉकर का ताला तोड़कर उसमें रखे 80 हजार रुपये नकद, करीब 1.20 लाख की कीमत के जेवरात समेत चार लाख रुपये की सम्पत्ति चोरी कर ले गये। उसके मकान के ऊपर वाली कॉलोनी में रहने वाले राहुल ने उसके घर का ताला टूटा देख उसे फोन पर सूचना दी। सूचना पर वह घर पहुंचा और रेलबाजार थाने को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेन्सिक व डॉग स्क्वायड को बुलाकर छीनबीन की। रेलबाजार थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज किया गया है। सीसी फुटेज की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है।

राष्ट्रीय सहारा क्लासीफाइड विज्ञापन

न्यायालय संबंधी

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड चित्रकूट के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश चित्रकूट, जिला सतना म०प्र०।

आर सी एस क0–65/2024 पेशी दिनांक 18.06.2025

प्रोसेस क०

श्री वश गोपाल पटेल तनय सोनपाल पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बगैहा पोस्ट घुरेटनपुर तहसील कर्वी जिला चित्रकूट उप्र ..............वादी एवं अन्य

बनाम

श्रीमती मीना पाण्डेय पत्नी श्री रमेश पाण्डेय उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम सेमरिया जगन्नाथवासी तह० कर्वी जिला चित्रकूट उ0प्र0 ..............प्रतिवादी एवं अन्य

विषय – दावा स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 39 नियम 1 व 2 जा०दी० प्रति. प्रतिवादी क–01 श्रीमती मीना पाण्डेय पत्नी श्री रमेश पाण्डेय 03. श्रीमती सविता पाण्डेय पत्नी मुन्नीलाल पाण्डेय उम्र 46 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सेमरिया जगन्नाथवासी तह० कर्वी जिला चित्रकूट उप्र 11 तपस्थली डेबलपर्स चित्रकूट सतना द्वारा भागीदार श्री राजकिशोर शिवहरे तनय श्री रामदीन शिवहरे उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम राजेन्द्र नगर अतर्रा जिला बांदा उप्र जिला सतना म०प्र० एवं विवादित आराजी में हित रखने वाले संबधित व्यक्ति। वादी श्री वंश गोपाल पटेल तनय सोनपाल पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बगैहा पोस्ट घुरेटनपुर तह० कर्वी जिला चित्रकूट उप्र के द्वारा आपके विरूद्ध वाद सस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 18.06.2025 को दिन 11 बजे दावे का जवाब देने के लिए उपसजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा हाजिर हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हों, और जो इस बात से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसजात के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत किया गया है इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को व उन दस्तावेजों के पेश करने के लिए तैयार रखना चाहिए जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई व उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि नियत दिनांक को न्यायालय का अवकाश रहता है तो ठीक न्यायालय खुलने के आगामी तिथि को न्यायालय पर उपस्थित रहें। आज तारीख 08.05.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

रामअवतार पटेल प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड चित्रकूट के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश चित्रकूट, जिला सतना मप्र

सी.बी.के. – चित्रकूट

■ चकेरी थाना क्षेत्र का मामला

■ महिला की अशोक नगर निवासी युवक से शिमला में हुई थी शादी

■ सास-ससुर ने दहेज न मिलने पर पति को संबंध बनाने से रोका

■ मांग पूरी न होने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाला

## दहेज में 30 लाख रुपये व कार न मिलने पर महिला को पीटा, घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर (एसएनबी)।** चकेरी थानाक्षेत्र में महिला ने ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज में 30 लाख रुपये व कार न देने पर प्रताड़ित करने और मारपीटकर घर से निकाल देने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चकेरी थाना क्षेत्र के राजीव नगर लाल बंगला निवासी वीरेन्द्र कौशल ने बेटी दिव्यांशी की शादी 20 मई 2022 को अशोक नगर निवासी उज्जवल गुप्ता से की थी। वीरेंद्र का आरोप है कि गोद भराई व वरीक्षा के बाद लड़के वालों ने हिमांचल प्रदेश के शिमला से शादी करने की बात कही। गोद भराई के बाद शादी टूटने पर समाज में बदनामी होने के डर से उन्होंने बजट न होने के बाद भी बेटी की शादी शिमला से की। जिसमें करीब 50 लाख रुपये खर्च किया। शादी के कुछ माह बाद ही ससुरालीजन एक लग्जरी कार और 30 लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर वह बेटी के साथ मारपीट करने लगे। रिश्ता बचाने के लिए बेटी सब सहती रही। दुखी पिता ने बताया कि ससुरालीजनों के अत्याचार बंद न होने पर दिव्यांशी ने एक दिन उन्हें अपने ऊपर हो रहे अत्याचारों की जानकारी दी, जिस पर वह उसकी ससुराल जाकर पांच लाख रुपये दे आये। कुछ दिन ठीक रहने के बाद ससुरालीजन फिर बेटी को प्रताड़ित करने लगे। 13 अप्रैल को सास-ससुर ने बेटे से कहा कि जब तक दहेज न मिल जाए तब तक तुम इसके साथ संबंध नहीं बनाओगे। 6 जनवरी 2024 को पति उज्जवल बेटी को मायके छोड़ गया। जिस पर माल रोड के एक होटल में उन लोगों ने बेटी के ससुरालीजनों से समझौता करने के लिए बातचीत भी की। इसके बाद पति ने गाली-गलौज कर बेटी को घर में रखने से मना कर दिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पति उज्जवल, ससुर जयकृष्ण, सास पुनीता व देवर शौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## नशे में धुत राजमिस्त्री छत से गिरा, मौत

**कानपुर।** मूल रूप से रायबरेली के थाना ऊंचाहार इटौरा बुजुर्ग के गांव बखिया पुरवा निवासी आनंद कुमार (40) पिछले कई सालों से श्याम नगर में किराये के मकान में रहकर राज मिस्त्री का काम करता था। शुक्रवार रात वह छत पर सो रहा था। देर रात वह संदिग्ध हालात में छत से गिर पड़ा। उसे हैलट में भर्ती कराया गया जहां शनिवार को उपचार के दौरान आनन्द की मौत हो गयी। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि आनंद शराब पीने का आदी था और शुक्रवार को भी वह नशे में घर आया था। नशे की हालत में ही वह अनियंत्रित होकर छत से गिर पड़ा था। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। अभी तक राजमिस्त्री के नशे की हालत में छत से गिरने की बात प्रकाश में आयी है। परिजन अगर कोई तहरीर देते हैं तो मामले में जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## 57 किलो चंदन और 4.40 किलो चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच और सचेंडी पुलिस को संयुक्त अभियान में मिली सफलता

कन्नौज से लेकर आते थे लकड़ी और मादक पदार्थ, कई जनपदों में बेचते थे



सचेडी में पकड़े गए चरस व चन्दन तस्कर व बरामद माल। फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** सचेंडी पुलिस और क्राइम ब्रांच ने संयुक्त आपरेशन चलाकर मादक पदार्थ और चंदन की लकड़ी के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 4.40 किलो चरस और 57 किलो चंदन की लकड़ी बरामद की है। शातिर कन्नौज से तस्करी का माल लाकर शहर के अलावा कई राज्यों में तस्करी करते थे। सचेंडी पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि काफी समय से जनपद में मादक पदार्थ तस्करी होने की सूचना मिल रही थी। इस पर क्राइम ब्रांच और जोन के सब थानेदारों को तस्करों की तलाश में लगाया गया था। इसी बीच शुक्रवार को सचेंडी थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर तस्करों का सटीक इनपुट निकाल लिया। इसके बाद पुलिस फोर्स ने दो तस्करों को धरमंगदपुर रोड देशी शराब ठेका के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में तस्करों के पास से 4.40 किलो चरस और 57 किलो ग्राम प्रतिबंधित चंदन की लकड़ी मिली। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम कन्नौज के काजियाना थाना कोतवाली क्षेत्र निवासी मो. रिजवान और मो. वसीम बताया। दोनों ने बताया कि वह लोग सिर्फ कानपुर या यूपी नहीं बल्कि कई राज्यों में मादक पदार्थ और चंदन की लकड़ी की ऑन डिमांड सप्लाई करते हैं। डीसीपी पश्चिम ने बताया कि बरामद चरस करीब एक लाख रुपए कीमत की है। जबकि चंदन की लकड़ी की कीमत करीब 10 लाख रुपए है। पुलिस अब दोनों से पूछताछ के आधार पर मादक पदार्थ और चंदन तस्करी से जुड़े सरगना की तलाश में लगी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर – इटावा**

पत्रांक– 141 / ई–नि0सू0/द्वितीय बार / न0पा0प0ज0 नगर /2025–26 दिनांक :– 24/5/2025

**ई–निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों / पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य सेक्टर के सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु द्वितीय बार ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दो निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं, जिनके डाक्यूमेंट / विवरण वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 25.05.2025 पूर्वान्ह 09:00 बजे से दिनांक 09.06.2025 पूर्वान्ह 09:00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि डाउनलोड किये जा सकते है एवं दिनांक 10.06.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगीं। उक्त दिवस को अवकाश घोषित होने या अन्य कारण होने पर अगले कार्य दिवस को निविदायें खोली जायेंगी। कार्य की संख्या, विवरण एवं निविदा सम्बन्धी शर्तों को शासन की उक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| लिपिक | लेखा लिपिक | अवर अभियन्ता | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर (इटावा) | नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर (इटावा) | नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर (इटावा) | नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर (इटावा) | नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर (इटावा) |

**AKI INDIA LIMITED**

CIN: L19201UP1994PLC016467

Regd. Office: D-115, Defence Colony Jajmau, Shiwans Tannery, Kanpur Nagar, Jajmau, Uttar Pradesh - 208010

Extract of Consolidated Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31/03/2025

(Rs. In Lakhs except EPS)

| Sr. No | Particulars | Quarter Ending on 31.03.2025 | Year to Date Figures 31.03.2025 | Corresponding Three Months Ended in the Previous Year 31.03.2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 2402 | 8096.18 | 2011.54 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 126.66 | 266.68 | 71.22 |
| 3 | Net Profit for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 44.02 | 266.68 | 71.22 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 13.36 | 167.78 | 57.14 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period (after Tax) | 13.36 | 167.78 | 57.14 |
| 6 | Equity Share Capital | 1770.64 | 1770.64 | 1715.28 |
| 7 | Reserves & Surplus (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year. | 4736.84 | 4736.84 | 4010.86 |
| 8 | Face Value of Equity Share Capital | 2 | 2 | 2 |
| 9 | Earnings Per Share (Basic / Diluted) | 0.020 | 0.190 | 0.07 |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange website i.e. www.bseindia.com, www.nseindia.com and Company website i.e. www.groupaki.com.

For, AKI India Limited
Sd/-
Mohammad Ajwad
Managing Director
DIN: 07902475

Date: 22-05-2025
Place: Kanpur

# महिला टीचर के शव से गहने गायब, एसीपी को जांच

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

नारामऊ बिठूर में डेढ़ माह पूर्व मार्ग दुर्घटना में दम तोड़ने वाली महिला शिक्षक के पति ने हादसे के बाद पत्नी के शरीर से जेवर गायब हो जाने की शिकायत पुलिस आयुक्त से की है। पति का कहना है कि जेवर घटनास्थल से हैलट लाने के दौरान गायब किये गये हैं। सीपी ने पूरे मामले की जांच एसीपी कल्याणपुर को सौंपी है।

विश्व बैंक बर्रा निवासी अंजुला मिश्रा बिठूर स्थित प्राइमरी विद्यालय में शिक्षक थीं। वह अन्य टीचरों के साथ कार से स्कूल आया-जाया करती थीं। 15 अप्रैल की सुबह भी वह

कार चालक विशाल द्विवेदी व साथी महिला शिक्षक आकांक्षा के साथ स्कूल जाने के लिए कार से निकली थीं। वह लोग जब नारामऊ के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार बस ने कार में टक्कर मार दी थी। हादसे में अंजुला, आकांक्षा और चालक विशाल की मौके पर ही मौत हो गयी थी। पुलिस ने एम्बुलेंस से शवों को हैलट इमरजेंसी भिजवाया था। इस मामले में मृतका अंजुला के पति आनंद मिश्रा ने पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मिलकर हादसे के बाद पत्नी द्वारा पहने गये जेवरात गायब होने की शिकायत की है।

■ नारामऊ में महिला टीचर की मार्ग दुर्घटना में मौत का मामला

■ घटनास्थल से हैलट अस्पताल लाने के दौरान गायब हुए जेवर

■ मृतका के पति की शिकायत पर सीपी ने एसीपी कल्याणपुर को दी जांच

आनंद ने पुलिस आयुक्त को बताया कि अंजुला को गहने पहनने का शौक था। जिस समय हादसे हुआ उस समय वह सोने की चेन, कान के बूंदे, अंगूठी और बिछिया पहने थी। सड़क हादसे में पत्नी की मौत की सूचना मिलने पर वह परिवार के साथ सीधे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा था। उसे अंजुला की शिनाख्त के लिए घटनास्थल से जो फोटो भेजी गयी थी, उसमें पत्नी गहने पहने हुए थी, लेकिन जब पोस्टमार्टम हाउस में उसने पत्नी का शव देखा तो जेवर गायब थे। पुलिस के भरे पंचायतनामा में भी गहनों का कोई जिक्र नहीं है। सिर्फ कपड़ों का लेखाजोखा लिखा है। ऐसे में पत्नी के गहने कहां गये यह कोई नहीं बता रहा है।

आनंद ने सीपी को बताया कि वह डेढ़ माह से अफसरों की चौखट पर पहुंच रहे है। लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला। आनंद ने बताया कि अंजुला अपने गहने संभालकर रखती थी, वह कहती थी कि गहने बेटियों सोनिमा (12) और पर्णिका (6) को देगी। वह गहनों को सहेजकर रखती थी। मगर घटनास्थल से पोस्टमॉर्टम हाउस के बीच किसी ने उसके गहने उतार लिये। दुखी पति ने कहा कि उस समय पत्नी की मौत हो जाने के कारण वह और बेटियां बदहवाश थे, जिस कारण उसी समय जेवरों पर ध्यान नहीं दे पाया था। उन्होंने बताया कि पत्नी का शव एम्बुलेंस से पुलिस की मौजूदगी में हैलट तक लाया गया, ऐसे में पुलिस की मौजूदगी में जेवर कैसे उतारे गये यह समझ नहीं आ रहा है। पुलिस आयुक्त ने पीड़ित की शिकायत सुनने के बाद एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय को मामले की जांच के आदेश दिये हैं। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि जांच के दौरान पता लगाया जाये कि शव किस एंबुलेंस से हैलट इमरजेंसी तक लाया गया था, उसमें कौन-कौन कर्मचारी और पुलिस कर्मी मौजूद थे, उन सभी से पूछताछ कर बयान दर्ज किये जायें। घटनास्थल के वीडियो और फोटो की पड़ताल की जाये। वहीं एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि अब तक जो जानकारी मिली है। उसमें यह तथ्य सामने आया है कि जब पंचायतनामा भरा जा रहा था, तो मृतका के पति और कुछ रिश्तेदार वहां मौजूद थे। यह घटना कब और कैसे हो गई। इसकी गहनता से जांच की जाएगी।

इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से यह जयंती और भी महत्वपूर्ण हो गई है, पूरा देश सैनिकों को सम्मान दे रहा है और तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह जयंती देश के जवानों को समर्पित है।

—— अरविंद शर्मा, कैबिनेट मंत्री

## संक्षिप्त खबर

### देर शाम जमी मुशायरे की महफिल

**कानपुर।** रसखान के मंच से 32वां कवि सम्मेलन और मुशायरा शनिवार रात रागेन्द्र स्वरुप प्रेक्षागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. नीता जैन ने हुजूर साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। बाद में रसखान संस्था के अध्यक्ष की लिखी पुस्तक आशियाना मकराबर्ट्गंज का विमोचन मुख्य अतिथि ने किया। इसके बाद कवि सम्मेलन और मुशायरे का शुभारंभ हुआ। कवि सम्मेलन और मुशायरे में दिल्ली से आये इकबाल अशहर, लक्ष्मी शंकर बाजपेयी, मुंबई से आये राजेश रेड्डी, लखनऊ के चरन सिंह बशर, तारिक कमर, गंज डुडवारा, से अज्म शाकिरी, रुड़की से आये अफजल मंगलौरी, कानपुर के जीशान न्यासी, केके दुबे समेत कई कवियों ने श्रोताओं को देर रात तक गुदगुदाया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के संरक्षक मासूम अली खान, अध्यक्ष रमन हितकारी, उपसचिव जीशान न्यासी, जोयेश किशोर अग्रवाल और महामंत्री बचान राय, रामबाबू निषाद की देखरेख में संपन्न हुआ। आयोजन में सलीम शीराजी आदि ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। *(एसएनबी)*

## नगर में फेल स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ
# कांग्रेस ने किया सत्याग्रह



फेल स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ सत्याग्रह करते कांग्रेसी। फोटो : एसएनबी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

कानपुर महानगर में फेल स्वास्थ सेवाओं विशेषकर हैलट, उर्सला, केपीएम और कांशीराम और प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों में मरीजों से हो रहे दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के विरुद्ध के खिलाफ कांग्रेस ने अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में रायपुरवा में सत्याग्रह किया। सरकार और प्रशासन से तत्काल उचित कार्यवाही कर आम जन को राहत देने की मांग की। फेल स्वास्थ सेवा दुरुस्त करो,आम जन को राहत दो,मरीजों का उत्पीड़न बंद करो के नारे लगे।

**हैलट, उर्सला, केपीएम कांशीराम और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों से हो रहे दुर्व्यवहार के विरोध में धरना**

भयावह गर्मी में बीमारियां फैली हुई है और इस वक्त सरकारी स्वास्थ सेवा सबसे ज्यादा बीमार है क्योंकि चिकित्सा अधिकारी और सरकारी डॉक्टर संवेदनहीन हो गए है और निजी हॉस्पिटलों की लूट ने भागीदार बने हुए है। टेस्ट वो लिखे जाते है जो अस्पतालों में होते नहीं।

अस्पतालों ने सरकारी डॉक्टर समय से आते नहीं या अनुपस्थित रहते है। कानपुर के जिलाधिकारी खुद फेल स्वास्थ सेवाओं और संवेदनहीन चिकित्सा अधिकारियों के कारनामे उजागर कर रहे है। प्रदेश के स्वास्थ मंत्री दावे बड़े-बड़े करते है लेकिन जमीन पर स्वास्थ सेवाओं की हकीकत भयावह है। अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन ने आम जन की तकलीफ को नहीं समझा तो सीएमओ के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, राकेश साहू, राम शंकर राय, धर्मेंद्र बहादुर सिंह, बुलंदी राम अग्रवाल, विकास सिंह जादौन, वीरेंद्र वर्मा, विजय त्रिवेदी, उमा शंकर तिवारी, अजय श्रीवास्तव शीलू, जितेंद्र गिरी,हमजा निहाल आदि थे।

## उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के साथ अपडेट रहना ही सफलता की कुंजी


पीएसआईटी में जॉब ऑफर्स में चयनित हुए छात्र-छात्राएं। फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** पीएसआईटी प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर ने अपने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्लेसमेंट प्रदर्शन, उत्त्व शिक्षा के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश, और अनुसंधान व विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए फेलिसिटेशन सेरेमनी 2025 का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथि हरमिन्दर चावला कानूनी विशेषज्ञ बैंकिंग एवं फाईनेंस, पीएसआईटी चेयरमैन प्रणवीर सिंह, वाइस प्रेसिडेंट अभिजीत सिंह, तान्या सिंह, ग्रुप निदेशक डॉ. मनमोहन शुक्ला, निदेशक प्रो. एस.के. भल्ला, फार्मेसी निदेशक प्रो. एके राय, निदेशक प्रो. भगवान जगवानी, निदेशक एकेडमिक प्रो.राघवेन्द्र सिंह एवं निदेशक प्रशासनिक डॉ. विशाल मेहता ने छात्रओं को सम्मानित किया। अवसर पर मुख्य अतिथि हरमिन्दर चावला ने कहा कि छात्रों की यह प्लेसमेंट यात्रा न केवल उनकी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का भी परिचायक है। आज के तकनीकी युग में आईटी और बैंकिंग सेक्टर में अपार संभावनाएँ है। छात्रों को चाहिए कि वे निरंतर अपने तकनीकी कौशल, डेटा एनालिटिक्या, साइबर सिक्योरिटी और वित्तीय समझ को मजबूत करें। उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के साथ अपडेट रहना ही सफलता की कुंजी है। समारोह को संबोधित करते हुए पीएसआईटी चेयरमैन प्रणवीर सिंह ने कहा कि कि संस्थान में 250 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने कैंपस प्लेसमेंट के लिए भाग लिया। इनमें से 2485 से अधिक आकर्षक जॉब ऑफर्स प्राप्त हुए। माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, पालीआल्टो पेपाल, काम्बाल्ट एवं जस्टपे जैसी शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने 21 लाख से 51 लाख रुपये तक के जॉब पैकेज ऑफर किए जो पीएसआईटी की शैक्षिक उत्कृष्टता और उद्योग केंद्रित प्रशिक्षण का प्रमाण है। उन्होंने यह भी बताया कि मल्टीनेशनल आईटी कंपनियों, जैसे कि एलटीआईमाईण्डट्री में 198, एचसीएल टेक में 160, एसेन्चर में 135, काग्नीजेन्ट में 09 एवं ट्यूरिंग में 50 सेलेक्शन हुऐ है। इसके अलावा गूगल, ट्यूरिंग, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, गोल्डमैन सैक्स, और एटलसियन जैसी शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने छात्रों को 80 हजार से लेकर ढाई लाख रुपये तक की इंटर्नशिप ऑफर्स प्रदान किए।

## जेएमडी स्कूल में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने जमकर मचाया धमाल


जेएमडी वर्ल्ड स्कूल में आयोजित समर कैंप में भाग लेते बच्चे। फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** मैनावती मार्ग स्थित जेएमडी वर्ल्ड स्कूल में आयोजित समर कैम्प जमकर मस्ती करने के साथ नई-नई चीजें भी बनाना सीखी। 19 से 23 मई तक आयोजित समर कैम्प में पीजी से कक्षार 5 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस पांच दिवसीय कैंप में बच्चों ने फन गैम्स,आर्ट एण्ड क्राफ्ट और शैक्षणिक गतिविधियों में हिस्सा लेकर रचनात्मकता और आनंद दोनों का अनुभव किया। कैंप में किड्स जोन की यात्रा बच्चों के लिये विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। 24 मई तक चले डे नाइट कैम्प जिसमें कक्षा 4 से 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। हर दिन की शुरूआत महामृनुन्जय मंत्र व हनुमान के साथ होती थी जो वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जावान बना देती थी। दिन भर बच्चों ने कबड्डी,कुश्ती,खो-खो जैसे पारंपरिख खेलों के साथ-साथ एडवेंचर एक्टिविटिज, फन गेम्स, आर्ट पेंटिंग और पुल पार्टी लुफ्त उठाया। कैम्प में डीजे नाइट धमाकेदार प्रस्तुति ने बच्चों को उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया। समर कैंप के समापन पर प्रधानाचार्या मलिका अरोरा ने अपने प्रेरणादायक शब्दों के साथ विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## तीन दिवसीय सीआईएससीई अंतर विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**कानपुर (एसएनबी)।** मेथडिस्ट हाई स्कूल, सेंट एलॉयशिश एवं यूनाइटेड पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल में सीआईएससीई अंतर विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्म में 19, 17 व 14 वर्ष में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 19 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन युनाइटेड पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योति दास एवं जयपुरिया स्कूल उप प्रधानाचार्य एमके मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन मैच में 17 वर्ष के आयु वर्ग के बीच खेला गया। मैच में अच्छ प्रदर्शन करते हुये वीरेन्द्र स्वरूप अवधपुरी ने सनशाइन स्कूल को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। 14 वर्ष आयु वर्ग में वीरेंद्र स्वरूप कैट ने सनशाइन स्कूल को पराजित किया। दूसरे चक्र में अपना स्थान बनाया। 19 वर्ष आयु वर्ग में मेथडिस्ट हाई स्कूल ने सेंट एलॉयशिश को एवं भागवन्ती ए सेण्टर ने कैम्ब्रिज स्कूल को हरा कर अगले चक्र में प्रवेश किया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के फाइनल सोमवार को खेले जायेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से इन्द्रमणि पाण्डेय, आनन्द उपाध्याय, डेंजिल डिक्रूज, अनिल तिवारी, रोहित केनल और पूनम जसबीर, सुशील चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# रोटरी आर्यन्य ने पिलाया शर्बत


राहगीरों को शर्बत का वितरण करते रोटरी क्लब के लोग। फोटो : एसएनबी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

अत्यधिक गर्मी से बचने के लिये शनिवार को फजलगंज स्थित सिंधी कालोनी के सामने दोपहर डेढ़ बजे से राहगीरों आदि को शर्बत वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद अरविंद यादव और क्लब के अध्यक्ष डॉ. बीएन आचार्य ने लोगों को शर्बत पिलाकर किया। रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्य के इस आयोजन में सैकड़ों लोगों ने शर्बत पिया। क्बल के पदाधिकारियों ने बताया कि हमारा क्लब इस तरह के कार्यक्रम आगे भी करता रहेगा। उन्होंने बताया कि शनिवार का यह आयोजन फजलगंज के अलावा साकेत नगर, यशोदा नगर, विकास नगर में भी आयोजित कर सभी को शर्बत पिलाया गया। सेवा में समीर दीक्षित, डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, मयंक गहोई, अर्पित शुक्ला, संतोष गुप्ता, अमित खन्ना, डॉ.डीके यादव आदि रहे।

## वर्किंग प्रोफेशनल 2025-26 में प्रवेश की प्रक्रिया जून से

**कानपुर।** प्रधानाचार्य, राजकीय पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्राविधिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के अधीन राजकीय पालीटेक्निक कानपुर में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिये वर्किंग प्रोफेशनल के लिये सत्र 2025-26 में प्रवेश की नीति बनायी गयी है। जिसके अन्तर्गत संस्थान में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों मैकेनिकल इंजी., इलेक्ट्रिकल इंजी., इलेक्ट्रानिक्स इंजी. में सीधे द्वितीय वर्ष में ऐसे कामगार जो किसी उद्योग में पूर्णकालिक रूप से कम से कम एक वर्ष से कार्यरत हों, जिनका उद्यम राजकीय पालीटेक्निक कानपुर से 50 किमी. की त्रिज्या में स्थित हो एवं शैक्षिक अर्हता हाई स्कूल आईटीआई से दो वर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण हो उसे प्रवेश दिया जायेगा। एआईसीटीई से अनुमोदन होने के उपरान्त ही मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया जून में प्रारम्भ की जायेगी। पाठ्यक्रम की कक्षायें सायंकालीन व साप्ताहिक अवकाशों में संचालित की जायेगी। ऐसे लोग जो प्रवेश लेना चाहते हो वह राजकीय पाली. कानपुर में सम्पर्क कर सकते है।

# भगवान महेश की चार जून को निकलेगी शोभायात्रा

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल आयोजक समिति की मुख्य संयोजक अरविंद झवर की अध्यक्षता में चावल मंडी स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में हुयी बैठक में निर्णय लिया गया कि चार जून को निकलने वाली भगवान महेश की शोभायात्रा में अधिकाधिक लोगों को शामिल किया जाये। महेश नवमी के कार्यक्रम 24 मई से आरंभ होकर चार जून तक चलेंगे।

बैठक में मंडल अध्यक्ष राकेश मूंदड़ा, रोहित कुमार सारड़ा आदि ने बताया कि समिति के आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी भगवान महेश के कार्यक्रम में आ रहे हैं। अधिकांश कार्यक्रम चावल मंडी स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित किये जायेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि शनिवार को शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में शाम चार बजे फुटबाल मैच खेला जायेगा। अगले दिन रविवार 25 मई को जेड स्कवायर में सुबह दस बजे से बोलिंग का आयोजन किया जायेगा। इसी दिन शाम को माहेश्वरी धर्मशाला में शाम चार बजे से कैरम, चेस आदि प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। एक जून की सुबह कानपुर क्लब में बैडमिंटन, टेबल टेनिस की प्रतियोगितायें होंगी। शाम को धर्मशाला में डांस, चित्रकला आदि प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। भगवान महेश नवमी के अंतिम दिन चार जून को भगवान महेश की शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा सुबह सात बजे से किया जायेगा। बैठक के अंत में बताया कि समाज का यह कार्यक्रम अपने उत्पत्ति दिवस महेश नवमी, ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को मनाया जाता है, इसी क्रम में उक्त कार्यक्रमों को आयोजन किया जायेगा। बैठक में संगठन के अध्यक्ष राकेश मूदड़ा, रागव नोवाल, युवाराज झवर, पीयुष लढ़ा, रोहित कुमार सारड़ा आदि रहे।

**श्री माहेश्वरी युवा मंडल ने कराया फुटबाल मैच**

# आच्छादन है खेती के लिए बहुत उपयोगी

**कानपुर (एसएनबी)।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित इहजरतपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय क्लस्टर कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी डॉ. ओमकार सिंह ने कृषकों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती के मॉडल के विषय पर बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष भर प्राकृतिक खेती मॉडल के माध्यम से आय होती रहती है। इसके आच्छादन से मृदा में लगातार जीवांश कार्बन की मात्रा बढ़ती रहती है। जो खेती के लिए बहुत उपयोगी है। प्रशिक्षण के दौरान सर्वेश कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ने फसल उत्पादन प्रणाली पर विस्तार से बताते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती के सात सूत्र है, न्यूनतम जुताई, आच्छादन, सूक्ष्म सिंचाई, फसल चक्र, सह फसली, रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग न करना और रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग न करना आदि है।

डॉ. नौशाद आलम वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से रसायन मुक्त फसल उत्पादन किया जा सकता है जो गोमूत्र और गाय की गोबर से किया जाता है। डॉ. सुभाष चंद्र वरिष्ठ वैज्ञानिक उद्यान ने कृषकों को फल फूल सब्जी की प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि विभाग के कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे।

**प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत हुआ किसानों का प्रशिक्षण**

# पेंशनर्स फोरम के शिविर में सैकड़ों ने करायी जांच

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

पेंशनर फोरम के तत्वावधान में गोविन्द नगर सी ब्लाक स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ चिकित्सिकों ने आये पीड़ितों को इलाज दिया। शिविर का शुभारंभ भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के संयोजक भूपेश अवस्थी ने दीप जला कर किया। श्री अवस्थी ने कहा कि पेंशनर फोरम प्रदेश की पेंशनरों के कल्याण का कार्य करने वाली सर्वोत्तम संस्था है और यह ऐसी संस्था है जो केंद्र एवं प्रदेश सरकार के पेंशनरों के साथ मिल कर कार्य करती है। हम इनकी लड़ाई में हमेशा साथ है।

महामंत्री आनंद अवस्थी ने बताया कि पेंशनर फोरम मात्र संस्था नहीं है, यह केंद्रीय एवं राजज्य सरकार के सेवानिवृत कर्मचारियों का परिवार है जो उनकी पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन की समस्याओं को हल कराता है। केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना एवं राज्य चिकित्सा विभाग से बराबर समन्वय बनाकर उनकी समस्याओं का समाधान कराते है। बीएल गुलबिया ने कहा कि पेंशनर फोरम अभी हाल में जो सॉफ्टवेयर में बदलाव हुआ है उसमें आई दिक्कतों के बारे में पूरे भारतवर्ष के सीजीएचएस कार्यालय एवं वैलनेस सेंटरों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान कराया। राजेश शुक्ला उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी के हित में इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर की व्यवस्था होती रहनी चाहिए जिससे जरूरतमंदों की जांच हो सके और उनको उचित सलाह मिल सके।

शिविर में सबसे पहले भूपेश अवस्थी के स्वास्थ्य की जांच करा शिविर में स्वास्थ्य जांच का कार्य प्रारंभ कराया इसके बाद सभी आये लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको उचित सलाह दी गई। अंत में सत्य नारायण ने प्रिया अस्पताल के डॉ. राहुल अग्रवाल एवं डॉ. हिमांशु, डॉ. संतोष शुक्ला, डॉ. नेहा तथा उनके कार्डिक सहायक दिलीप श्रीवास्तव, अनिल आनंद, अमित श्रीवास्तव सहित उनके सभी सदस्यों को उचित सलाह देने के लिए आभार व्यक्त किया। शिविर में भाग लेने वालों में राजेश कुमार श्रीवास्तव, सत्य नारायण, पीएस बाजपेई, एचएन तिवारी, वीपी श्रीवास्तव, एके निगम, पीएस तिवारी, मुंशी पण्डित, शिव शंकर, अशोक कुमार मिश्रा, सुमन, मुमताज समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**सीजीएचएस के साफ्टवेयर बदलने में आयी समस्याओं का समाधान फोरम ने किया**

## प्रशिक्षण प्रदान करने की आवेदन तिथि हुई 2 जून

**कानपुर (एसएनबी)।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वीरपाल ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत नीलिट से ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये मान्यता प्राप्त संस्थाओ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये इच्छुक प्रशिक्षणदायी संस्थाये विभागीय वेबसाइट दिये गये लिंक पर दिनॉक 13 मई से 27 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे जिसकी अन्तिम तिथि अब बढ़ाकर 2 जून कर दी गयी है। इच्छुक संस्थाये अपनी संस्था की मान्यता एवं परीक्षाफल सर्टीफिकेट से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढाँचे का विवरण एवं दिये गये प्रारूप पर नोटरी शपथ पत्र सहित ऑनलाइन आवेदन के साथ उक्तानुसार निर्धारित अवधि में अपलोड करते हुये आवेदन की एक प्रति 2 जून की सॉय 5 बजे तक समस्त अभिलेखों की हार्ड कापी अनिवार्य रूप से निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण, इन्दिरा भवन, लखनऊ एवं एक प्रति कार्यालय-जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कानपुर नगर विकास भवन को उपलब्ध करायी जाये।

# सपा महानगर ने उठाया कुम्हारों की समस्याओं का मुद्दा

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

समाजवादी पार्टी महानगर की बैठक में कुम्हारों की समस्याओं का मुद्दा उठाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मिट्टी न मिलने से बर्तन, खिलौने व हुंडा बनाने वाले एक लाख कुम्हार कामगारों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है।

समाजवादी पार्टी महानगर पीडीए आंकलन समिति की 11 सदस्यीय सर्वेक्षण समिति की बैठक महानगर अध्यक्ष फजल महमूद की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय नवीन मार्केट में आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा कुम्हारों को मिट्टी उपलब्ध न कराए जाने से उनके कारोबार को धक्का लग रहा है, जिससे एक लाख कामगारों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है।

कहा कि कुम्हारों को पहले नौ सौ रुपये प्रति ट्रॉली मिट्टी खरीदनी पड़ती थी। आज प्रति ट्रॉली पांच हजार में मिट्टी खरीदने में मशक्कत करनी पड़ रही है। लक्ष्मीपुरवा, बाबूपुरवा, रेल बाजार, काकादेव, नौबस्ता, कल्याणपुर, रावतपुर गांव, सनिगवां, मीरपुर, मर्दनपुर, नरवल, पाली, कुर्मी खेड़ा खुर्द, विधनू, मेघनी पुरवा आदि क्षेत्रों में कुम्हारो द्वारा बर्तन बनाए जाते हैं, लेकिन स्थान का अभाव तथा प्रदूषण के नाम पर उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। सरकार ने आज तक कुम्हारों को कोई जमीनों का आवंटन मिट्टी हेतु नहीं किया और न उन्हें मिट्टी बर्तन मार्केट बनाई, जिससे इस कारोबार में कामगारों को क्षति हो रही है। उन्होंने इस मुद्दे को पत्र के माध्यम से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया है। बैठक में केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, सयुस महानगर अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी, नंदलाल जयसवाल, महेन्द्र सिंह बड़े ठाकुर, रजत मिश्रा, आंनद शुक्ला, दीपक खोटे, अरमान खान, राजू पहलवान अंसारी, संजय निषाद आदि रहे।

**सरकार पर उपेक्षा का लगाया आरोप, कहा- कुम्हार कामगारों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है**

# बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के लिए हुआ भूमि पूजन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

कानपुर प्रांत के जिला घाटमपुर में बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग कैप्टन सुखवासी सिंह जनता महाविद्यालय में 25 मई से 1 जून तक होगा। जिसका भूमि पूजन शनिवार को सम्पन्न हुआ। इस वर्ग में कानपुर प्रांत के एक सैकड़े से अधिक शिक्षार्थी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में प्रतिभाग करेंगे।

भूमि पूजन के उपरांत विहिप प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता समाज में जब कार्य करते है इससे संगठन की अलग ही पहचान होती है। क्योंकि शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में शारीरिक बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है, कार्यकर्ताओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर, स्वस्थ बनाने तथा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे हिन्दू युवाओं में सेवा सुरक्षा संस्कार का भाव जागृत हो। बजरंग दल प्रान्त संयोजन आचार्य अजीतराज ने कहा प्रशिक्षण वर्गो का उद्देश्य समाज में समरसता एकात्मकता जागृत करना है, समाज में सकारात्मक भाव हो यही उद्देश्य हम सभी कार्यकर्ताओं का है। भूमिपूजन में नगर अध्यक्ष शशिभूषण सपत्नीक मुख्य यजमान रहे। विहिप प्रान्त गौसेवा प्रमुख गंगा नारायण मिश्रा, प्रान्त संस्कार प्रमुख विवेक द्विवेदी, बजरंग दल गौरक्षा प्रमुख यशवंत यदुवंश, बजरंग दल विभाग सह संयोजक शुभम अग्निहोत्री, जिलाध्यक्ष मनीष सचान, लल्लू ओमर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कैप्टन सुखवासी सिंह जनता महाविद्यालय में 25 मई से 1 जून तक होगा आयोजन कानपुर प्रांत के एक सैकड़े से अधिक शिक्षार्थी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में प्रतिभाग करेंगे**


**AKI INDIA LIMITED**

CIN: L19201UP1994PLC016467

**Regd. Office:** D-115, Defence Colony Jajmau, Shiwans Tannery, Kanpur Nagar, Jajmau, Uttar Pradesh - 208010

**Extract of Standalone Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31/03/2025**

(Rs. In Lakhs except EPS)

| Sr. No | Particulars | Quarter Ending on 31.03.2025 | Year to Date Figures 31.03.2025 | Corresponding Three Months Ended in the Previous Year 31.03.2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 1704.6 | 6865.83 | 1806.42 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 125.73 | 262.26 | 70.45 |
| 3 | Net Profit for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 43.09 | 262.26 | 70.45 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 12.44 | 163.37 | 56.58 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period (after Tax) | 12.44 | 163.37 | 56.58 |
| 6 | Equity Share Capital | 1770.64 | 1770.64 | 1715.28 |
| 7 | Reserves & Surplus (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year. | 4718.08 | 4718.08 | 4241.78 |
| 8 | Face Value of Equity Share Capital | 2 | 2 | 2 |
| 9 | Earnings Per Share (Basic / Diluted) | 0.010 | 0.180 | 0.07 |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange website i.e. www.bseindia.com, www.nseindia.com and Company website i.e. www.groupaki.com.

**For, AKI India Limited**
**Sd/-**
**Mohammad Ajwad**
**Managing Director**
**DIN: 07902475**

**Date:** 22-05-2025
**Place:** Kanpur